## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का कल गंगापुर सिटी दौरा

गंगापुर सिटी, 31 मार्च (का.सं.)। पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर एवं शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने पार्थ होटल में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 2 अप्रैल को गंगापुर सिटी आ रही है।उपमुख्यमंत्री प्रातः 11:00 गंगापुर सिटी पहुंचने का कार्यक्रम रखा गया है,जहां होटल द पर्ल में सरकारी कार्यक्रम में विभिन्न सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगी।

साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं को देवनारायण स्कूटी व कालीबाई योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण करेंगी, इसके साथ विभिन्न विभागों की उपलब्धियां सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की प्रगति तथा बजट घोषणाओं की स्थिति का जायजा लेंगी। बताया कि प्रशासन की ओर से इस बाबत की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## समाजसेवा की मिसालः जे के लक्ष्मी सीमेंट द्वारा केकड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकड़ी, 31 मार्च (दीपांकुर चौहान)। सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जे के लक्ष्मी सीमेंट एवं अरिहंत सेनेटरी टाइल्स एंड पेंट्स के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय चिकित्सालय केकड़ी के सहयोग से जे के लक्ष्मी आरोग्य परियोजना के अंतर्गत एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में राजमिस्त्री, ठेकेदार भाइयों एवं उनके परिवारजनों को ध्यान में रखते हुए उनकी संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य सेवाओं में बी.पी., ब्लड शुगर, ऊंचाई, वजन, रक्त जांच, साथ ही निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों का वितरण शामिल रहा।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन जांगिड़, चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र शर्मा एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं कंपनी की ओर से अजमेर शाखा अधिकारी रामसिंह पंवार, तकनीकी अधिकारी हिमांशु गर्ग, बिक्री अधिकारी विकास शर्मा, मनोज जैन एवं विनोद जैन की उपस्थिति ने आयोजन को सशक्त समर्थन प्रदान किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 से अधिक ठेकेदारों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय कला शिविर शेड्स ऑफ आर्ट्स का हुआ समापन

## विधायक श्री व्यास रहे मुख्य अतिथि, कलाकृतियों को सराहा




बीकानेर, 31 मार्च। कला एवं संस्कृति विभाग तथा धोरा इंटरनेशनल आर्ट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रानी बाजार स्थित भारत पैलेस में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला शिविर शेड्स ऑफ डेजर्ट का सोमवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक श्री जेठानन्द व्यास थे। उन्होंने कहा कि शिविर में युवा कलाकारों ने चित्रकला की बारीकियां सीखी, जो उनके लिए बेहद लाभदायक साबित होंगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित हों, ऐसे प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि बीकानेर कला, साहित्य और रंगकर्म की समझने और इसका कद्र करने वाला शहर है। युवा पीढ़ी इससे जुड़ेगी, तो बीकानेर का भविष्य स्वर्णिम होगा। उन्होंने सभी कलाकारों और खासकर केंद्रीय जेल के बंदियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना की।

शिविर में ख्याति प्राप्त कलाकारों ने ने अपनी शैली में अनेक कलाकृतियां बनाई। इनमें डॉ. वी. एस. उपाध्याय, कलाविद महावीर स्वामी, दिल्ली से अजय समीर, विनय शर्मा, हरशिव शर्मा, डॉ. रजनीश हर्ष, डॉ. मोना सरदार डूडी, मनीष शर्मा, कमल जोशी,भारती, पवन शर्मा, सुनील रंगा आदि कलाकारों ने अपनी प्रतिभा को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया। इस दौरान श्री मूलाराम गोदारा वेलफेयर सोसायटी, भोज कला प्रन्यास और भारत पैलेस का धोरा इंटरनेशनल आर्ट सोसायटी के प्रतिनिधि ने सम्मानित किया। विधायक ने कलाकारों का सम्मान किया और कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह यह शिविर महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम में अधीक्षक सुमन मालीवाल, श्रीगोपाल हर्ष, विद्यासागर उपाध्याय, महावीर स्वामी, देवाशीष, मनोज सोलंकी, रजनीश हर्ष, बलवीर सिंह और कलाकार प्रेमी और कलाकार उपस्थित रहे।

## चौमूं के ही श्री श्याम सलोना सेवा समिति के तत्वदान में प्रथम चारे की गाड़ी संत नागा बाबा गौशाला में भेंट की



चौमूं, 31 मार्च (का.सं.)। चौमूं के ही एक संस्था श्री श्याम सलोना सेवा समिति के द्वारा एवं संस्था के तत्व दान में संत नागा बाबा गौशाला में एक चारे की बड़ी पीकप एवं संस्था के अनिल दुसाध और मनीष गोयल के द्वारा व चौमूं क्षेत्रिय पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा प्रथम चारे की पिकअप का शुभारंभ किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक शर्मा बताया कि ऐसे कार्यक्रम में सभी क्षेत्रवासियों को बढ़ चढ़कर किस्सा लेना चाहिए जिससे स्थानीय गौशाला ओ में गौ माता के लिए चारा उपलब्ध करवाते रहे जिससे गौ माता का जीवन यापन बना रहे।

इस मौके पर मनीष गोयल ने बताया की फिजूल करछना करके गौ माता के लिए ऐसे चाय की गाड़ी भिजवाने का कार्य करें और हमारी संस्था ने आज पहली बार प्रथम गाड़ी का शुभारंभ किया है। हर समय पर जरूरत पड़ने पर चाय की गाड़ी उपलब्ध कराते रहेंगे। इस मौके पर चौमूं के वरिष्ठ चिकित्सक अरुण यादव, संत नागा बाबा गौशाला के अध्यक्ष कैलाश झालानी , मोहित अग्रवाल , पवन सैनी , श्री श्याम सलोना सेवा समिति के अनिल दुसाध , दिनेश अग्रवाल , जितेंद्र झालानी , मुकेश खुंटेटा , निखिल खंडेलवाल , कन्हैयालाल थावरिया , अजय जैन , शंभू यादव , राजेश व्यास , आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मैं यह कार्यक्रम का प्रथम एक चारे की पिकअप का शुभारंभ किया गया ।


**ई - नीलामी सूचना**

ई - नीलामी फॉर्म इच्छुक खरीदारों से, क्षतिग्रस्त साल्वेज "फायर डैमेज्ड लूम मशीन (05 मशीन)" के लिए, "जैसा है जहाँ है" के आधार पर, 'एकमुश्त आधार' पर निपटान के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। यह सेवलॉन सुल्ज प्राइवेट लिमिटेड, जी-100 से 102 और एफ-113 से 115, 4th फेस रीको औद्योगिक, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001 से संबंधित है।

निरीक्षण और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि - **07/04/2025**
ई - नीलामी - **08/04/2025** को आयोजित की जाएगी।

**ई - नीलामी प्रपत्रों के लिए, श्री हरप्रीत सिंह से मोबाइल पर संपर्क करें: +91-8178624994**

**बिड2विन प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**
अधिक जानकारी के लिए: www.bid2win.in


## अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी केकड़ी द्वारा आगामी 14 अप्रेल को अम्बेडकर जयन्ती को लेकर हुई बैठक

### अम्बेडकर साहब की अष्ठधातु से निर्मित मूर्तिअनावरण का भव्य कार्यक्रम मनाया जाएगा



प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकड़ी, 31 मार्च (दीपांकुर चौहान) अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी केकड़ी द्वारा आगामी 14 अप्रेल को अम्बेडकर जयन्ती मनाने को लेकर नगर परिषद केकड़ी में शैतान तारावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वह नगर परिषद के मुख्य पार्क में अम्बेडकर साहब की अष्ठधातु से निर्मित आदमकद वाली प्रतिमा नगर परिषद की ओर से मूर्ति अनावरण दिनांक 14 अप्रेल 2025 को बाबा साहब की 134वीं जन्म जयन्ति को भव्य समारोह एवं जुलूस व बाजार में शोभा यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया गया। उक्त कार्यक्रम को लेकर सासायटी की आगामी बैठक 1 अप्रेल 2025 मंगलवार को सायं 3 बजे नगर परिषद के सभा भवन में रखी गई है। सोसायटी ने आगामी मूर्ति अनावरण व जयन्ती को उत्साह उमंग से मनाने का निर्णय लिया गया है।

## राजस्थान टीम में चार बास्केटबॉल खिलाड़ी चयनित

झुंझुनूं, 31 मार्च (का.सं.)। 40वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए झुंझुनूं के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। जिनमें तीन बालिका व एक बालक शामिल हैं। संघ के जिला सचिव डॉ. सुशील यादव ने बताया कि 40 वीं यूथ अंडर-17 बालक एवं बालिका राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 8 से 16 अप्रैल तक पुडुचेरी में होगी। जिसमें सोफिया उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतड़ी नगर में अध्यनरत शालिनी निर्वाण पुत्री अजय सिंह निर्वाण तथा टैगोर पब्लिक स्कूल गुढ़ा में अध्यनरत सिया शेखावत पुत्री नवल सिंह, भूमि पुत्री संदीप रैप्सवाल तथा बालक वर्ग में आदित्य पुत्र कैलाश चंद कुदाल राजस्थान की टीम से राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## गाजे-बाजे से निकाली गणगौर की शाही सवारी, नवविवाहताओं ने की ईश्वर गणगौर की पूजा

उदयपुरवाटी, 31 मार्च (का.सं.)। कस्बा में गाजे-बाजे के साथ ईशर गणगौर की शाही सवारी निकाली। देर शाम नव विवाहिताओं व बालिकाओं ने गणगौर को बावड़ी में विदा किया। राजपूतों की कोटडी से ईशर व गणगौर की सवारी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शहर में गोपीनाथजी मंदिर, बिसायतियों का मोहल्ला, पोस्ट ऑफिस, बस स्टैंड होते हुए सवारी पुलिस थाने पहुंची। परंपरानुसार पुलिस थाने में थानाधिकारी कस्तूर वर्मा ने गणगौर को तिलक लगाकर बेस दिया तथा ईशर को तिलक लगाकर जुहारी दी। गणगौर की सवारी यहां से रवाना होकर मुख्य बाजार के शाह भवन पहुंची। जहां सैकड़ों महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर व ईशर का पूजन किया। गणगौर पूजन करने वाली नव विवाहिताओं व बालिकाओं ने पांच बत्ती के निकट प्राचीन बावड़ी में गणगौर को विदा किया।

## बरखेड़ा कला मुस्लिम समाज द्वारा ईद उल फितर का त्योहार एक दूसरे से गले मिलकर मनाया गया मांगी देश में अमन चैन और शांति की दुआ



प्रभात अभिनन्दन न्यूज

उज्जैन, 31 मार्च (मुरलीदास बैरागी)। बरखेड़ा कलां में ईद उल फितर त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस्लाम धर्म में ईद-उल फितर का त्योहार बहुत ही खास होता है इसे मीठी ईद भी कहते है रमजान महीने के खत्म होते ही 10 वें इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को ईद मनाई जाती है मुसलमान रमजान उल-मुबारक के एक महीने के रोजे रखने की कड़ी इबादत के बाद एक महजबी खुशी का त्योहार मनाते है जिसे ईद-उल फ़ित्र कहा जाता है ये एक शव्वाल अल मुक़र्रम को मनाया जाता है ईद उल फ़ित्र इस्लामी कैलेंडर के सभी महीनो की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है मुसलमानो का त्योहार ईद उल फितर भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है इस त्योहार को सभी आपस में मिलकर मनाते है और खुदा से सुख शांति और बरक्कत के लिए दुआ मांगते है ईद-उल फ़ितर के मौके पर एक खास दावत तैयार की जाती है जिसमे खासतौर से मीठा खाना शामिल होता है इसलिए इसे मीठी ईद कहा जाता है ईद-उल फ़ितर पर खासतौर से सेवाइयां यानि गेहूं के नूडल्स को दूध के साथ उबालकर बनाया जाता है और इसे सूखे मेवो और फलो के साथ में मिलाया जाता है

बरखेड़ा कला में भी ईद उल फ़ितर का त्योहार खुशी मनाया गया गांव के इमाम हाफिज नाजिम रजा ने ईद की नमाज पढ़ाई ईदगाह पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज जनो तथा बरखेड़ा कला थाना प्रभारी रेखा चौधरी, उपनिरीक्षक हिरीसिंह बडेरा, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, सैनिक नरेंद्र सेन,पटवारी कृष्णसिंह, एवं चौकीदार मुस्तैद रहे।

## मत्स्य जयंती समारोह

## मत्स्य जयंती पर आदिवासी मीणा समाज द्वारा मीणा दंगल व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, समाज बंधुओं ने लोक गीतों पर लगाए ठुमके



प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 31 मार्च (का.सं.)। मीणा समाज द्वारा मत्स्य जयंती समारोह पूर्वक मीणा समाज भवन, मोरीजा रोड़ बाई पास पर आदिवासी मीणा समाज दंगल व सांस्कृतिक संध्या व स्नेह मिलन का आयोजन चौमूं मीणा समाज के अध्यक्ष रामचंद्र मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कोषाध्यक्ष मुकेश बागडी व मीडिया प्रभारी शेष मानुतवाल ने बताया की मीणा लोक गायक कलाकार रामजी लाल बाढ़ एवं पार्टी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गयी। समाज बंधुओ द्वारा भगवान विष्णु के प्रथम अवतार मत्स्यावतार मीन भगवान की झाँकी सजाकर पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया।


**भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India** — **शाखा :सवाईपुर**

परिशिष्ट- IV { नियम 8 ( 1 ) } कब्जे संबंधी सूचना ( अचल संपत्ति हेतु)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ( 2002 का 54 )की धारा 13( 12 ) और प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 का सपठित नियम 9 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना पत्र उल्लिखित तारीख पर एक मांग नोटिस जारी किया गया था और इसके बाद उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि चुकाने के लिए कहा गया था। ऋणी द्वारा राशि के पुर्न भुगतान करने में असफल होने पर एतद् द्वारा ऋणी को तथा आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उल्लिखित तारीख को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) सपठित उक्त नियमावली के नियम 9 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है ।ऋणी को विशेष रुप से तथा सर्वसाधारण को सामान्यतः एतत् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नही करने की चेतावनी दी जाती है और इस सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार पुर्न भुगतान तक के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार अध्यधीन होगा।"प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिय उपलब्ध समय के संदर्भ मे ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा ( 8 ) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता हैं।"

ऋणी/जमानती का नाम व पता :- श्री भैरू लाल गुर्जर पुत्र श्री कल्याण मल गुर्जर

बंधक अचल सम्पत्ति का विवरणः-साम्यिक बंधक पट्टा संख्या 37, दिनांकित 20.09.2014 जो ग्राम-चोधरियास, ग्राम पंचायत-सुथेपा, तहसील-कोटड़ी, जिला-भीलवाड़ा मे स्थित है जो श्री भैरू लाल गुर्जर पुत्र श्री कल्याण मल गुर्जर के नाम से है।जिसका क्षेत्रफल 15000 वर्गफीट है। पड़ौसः-पूर्वःस्वयं का आराजी,( 100 फीट )
पश्चिमः आम रास्ता,( 100 फीट ),उत्तरः स्वयं का आराजी( 150 फीट ),दक्षिणः आम रास्ता,( 150 फीट )

| डिमांड नोटिस की दिनांक | कब्जा सूचना की दिनांक | बकाया राशि |
|---|---|---|
| 09.01.2025 | 26.03.2025 | रु 4,42,591.19 दिनांक 07.01.2025 |

दिनांक :- 26.03.2025 स्थान :-चोधरियास — प्राधिकृत अधिकारी ( भारतीय स्टेट बैंक )


## अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई में मुख्य भूमिका में नजर आए राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम, पेश किया आगामी रोडमैप

भोपाल, 31 मार्च (वेब वार्ता)। हाल ही में अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच, डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त नेतृत्व पर विचार विमर्श करना था।

बैठक के दौरान प्रदेश संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. अतुल मलिकराम ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।




उन्होंने कहा, माननीय केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व में, हम प्रदेशभर में पार्टी संगठन को सशक्त करेंगे और वार्ड स्तर पर अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करेंगे, ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को पहुँचाया जा सके। डॉ. मलिकराम ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर युद्ध स्तर पर कार्य करना होगा। नए सदस्यों को जोड़ने के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलाए जाएंगे तथा पार्टी व ओबीसी के प्रमुख मुद्दों को सरकार के समक्ष दृढ़ता के साथ उठाया जाएगा।

इस दौरान डॉ मलिकराम ने पार्टी की आगामी योजनाओं पर अपना प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया, वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रदेशभर में पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प भी लिया।बैठक में प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव और विचार साझा किए। पार्टी के इस आयोजन ने संगठन को एक नई दिशा देने का कार्य किया और निश्चित रूप से आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलते दिखेगी।

## प्रथम एशियन पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में कमला ने जीता कास्य

झुंझुनूं। कम्बोडिया की राजधानी फनोम पेन्ह में हुई अंतराष्ट्रीय सीनियर पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में झुंझुनूं शहर की पुत्रवधू कमला रेगर पति अमरजीत ने कास्य पदक जीतकर पूरे देश का नाम रोशन किया है। कमला रेगर ने कंबोडिया देश में आयोजित हुई पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कास्य पदक अपने नाम कर पूरे समाज व देश का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी इस सफलता का श्रेय उज्जैन वाले बाबा उमाकांत महाराज व अपने सास ससुर और पति को दिया। भारतीय पैरा थ्रोबॉल टीम की इस जीत पर वर्ल्ड पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला रावत, भारतीय पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट प्रेम कुमार, पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमावत एवं सचिव श्री सुबेंद्र कोठारी ने टीम को बधाई दी।


**VASTU HOUSING FINANCE — वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवड़ी (पश्चिम), मुंबई 400015 महाराष्ट्र
CIN No.: U65922MH2005PLC272501

**कब्ज़ा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और धारा 13(12) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 9 के साथ पठित हैं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002, ने एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए कहा गया था। कर्जदारों द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा जो नीचे दी गई राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा, लागत आदि।

| क्र. सं. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नंबर | मांग सूचना की दिनांक और राशि | संपत्ति का विवरण | दिनांक और प्रकार का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार गिरधर, सीमा रानी एलपी 0000000077179 | 04/जुलाई/24 2817154 रु 04/जुलाई/24 तक | पट्टा नं 10 ग्राम 4 0 लाखिया, तह श्री करणपुर, लाखिया, गंगानगर राजस्थान, 335073. लगभग माप : 2482 वर्ग गज उत्तरः खली, दक्षिणः सड़क, पूर्वः रमन कुमार, पश्चिमः देशराज | भौतिक कब्जा 28-मार्च-25 को लिया गया |

दिनांक : 01.04.2025 — अधिकृत अधिकारी
स्थान : गंगानगर — वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**pnb Housing Finance Limited** Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोनः - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः www.pnbhousing.com
जयपुर शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एसबी - 59, यूडीबी टावर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर-302015

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निर्दशित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(या), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निर्दशित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

| ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए) | मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी) | कब्जा का प्रकार (सी) | बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि राशि (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/JPR/1119/755419, बी.ओ.: जयपुर,उर्मिला जुमवाल,गोपी चंद | 08.04.2021 तक रु. 10,42,907.77 | भौतिक कब्जा | 16, प्रथम तल, एलआईजी बी, मोजिका लक्ष्मी विहार,33, श्री रामपुरा बास, भांकरोटा, तेशिल सनगानेर, जयपुर, राजस्थान, भारत-302006 | रु. 868000 | रु. 86800 | 21.04.2025 | रु. 10,000 | 10.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे | 22.04.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे | Not Known |

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(र्स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। **4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003 वेबसाइट-**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **अश्वनी कुमार शर्मा, संपर्क नंबर 1800120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : राजस्थान, दिनांक : 01.04.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड